# नशा मुक्ति अभियानः सोयत कला के यूनिक पब्लिक स्कूल में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' कार्यक्रम संपन्न

## थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को दिलाई शपथ




सोयत कला (अनिल बैरागी) युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाने और उन्हें एक स्वस्थ व सुरक्षित भविष्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्थानीय यूनिक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में ÷नशे से दूरी है जरूरी 2.0÷ जन जागरूकता अभियान के तहत एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में सोयत कला थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी टीम के साथ स्कूल पहुंचकर बच्चों का मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा ने कहा कि नशा आज के समाज के लिए एक गंभीर दीमक की तरह है, जो न केवल इंसान के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि हंसते-खेलते परिवारों और युवाओं के सुनहरे भविष्य को भी अंधकार में धकेल देता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि छात्र जीवन हमारे भविष्य की नींव होता है, इसलिए किसी भी प्रकार के बहकावे या शौक के जाल में फंसकर अपने जीवन को बर्बाद न करें। थाना प्रभारी ने उपस्थित शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें हमेशा रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करें।इस अवसर पर थाना प्रभारी ने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षक स्टाफ को जीवन में कभी भी नशे को हाथ न लगाने और समाज को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान देने की सामूहिक शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और नशा मुक्ति से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे, जिनका थाना प्रभारी द्वारा बेहद सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समाधान किया गया।इस गरिमामय कार्यक्रम में स्कूल के छात्र, छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं और पुलिस स्टाफ सहित करीब 200 लोग उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने इस सराहनीय पुलिस प्रशासन की पहल का आभार व्यक्त किया।

## चेस ओलंपियाड की भारतीय टीम में चयनित हुए राजगढ़ के प्रभारी प्राचार्य श्री सिंह



**राजगढ़।** मध्यप्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में शासकीय विधि महाविद्यालय, राजगढ़ के प्रभारी प्राचार्य श्री आशुतोष सिंह का चयन सितंबर 2026 में समरकंद (कजाखस्तान) में आयोजित होने वाली चेस ओलंपियाड की भारतीय टीम के लिए हुआ है। उनके चयन से राजगढ़ जिले सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का वातावरण है। उश्री सिंह लंबे समय से शतरंज के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए अपनी प्रतिभा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का नाम रोशन करते रहे हैं। भारतीय टीम में उनका चयन उनकी निरंतर साधना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का परिणाम है।

इस अवसर पर शासकीय विधि महाविद्यालय राजगढ़ परिवार ने श्री सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि राजगढ़ जिले एवं सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री सिंह चेस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत, मध्यप्रदेश एवं राजगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे।महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भी श्री सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## भोपाल संभाग आयुक्त श्री शर्मा ने राजगढ़ में विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की व्यापक समीक्षा की



**राजगढ़।** भोपाल संभागायुक्त भोपाल श्री कर्मवीर शर्मा के राजगढ़ आगमन पर उनका स्वागत पौधों एवं स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित स्मृति-चिन्ह से किया गया। इसके पश्चात उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों, अधोसंरचना परियोजनाओं एवं विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।आयुक्त श्री शर्मा ने सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा, गुणवत्ता एवं अनुशासन के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यादेश में निर्धारित समय-सीमा का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उनकी प्रगति में गति लाई जाए। जिन कार्यों की शुरुआत होना शेष है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। समीक्षा के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए क्षतिग्रस्त सड़कों पर तत्काल पैचवर्क कराया जाए, जिससे सड़कें सुरक्षित, सुगम एवं यातायात योग्य बनी रहें। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्रामों की सड़क कनेक्टिविटी टिकाऊ एवं सर्व मौसमीय हो तथा आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों तक निर्बाध सड़क संपर्क सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए ग्रामवार विश्लेषण तैयार कर आवश्यक कार्ययोजना बनाई जाए।आयुक्त श्री शर्मा ने मोहनपुरा, सुठालिया एवं कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सुठालिया परियोजना की नहरों से संबंधित कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सिंचित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा सिंचाई क्षमता में वृद्धि के प्रयासों की समीक्षा की।उन्होंने मोहनपुरा बांध निर्माण के बाद तंवर क्षेत्र में हुए सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तनों का विस्तृत अध्ययन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि कृषि, रोजगार, आय, आजीविका एवं जीवन स्तर पर परियोजना के प्रभाव का वैज्ञानिक विश्लेषण तैयार किया जाए, ताकि भविष्य की विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में स्वच्छता परिसरों की कार्यशीलता की समीक्षा की गई। आयुक्त श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी स्वच्छता परिसरों का नियमित उपयोग एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने फसल बीमा योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए पात्र किसानों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने पर बल दिया।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लाभार्थियों का डेटा आपस में मेल खाना चाहिए। दोनों विभाग संयुक्त भ्रमण कर समन्वय के साथ कार्य करें तथा एक-दूसरे के सर्वे एवं आंकड़ों का उपयोग करें, जिससे कार्यों की पुनरावृत्ति न हो और योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे।

आयुक्त श्री शर्मा ने कक्षा पहली में विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत निरक्षर व्यक्तियों की अनिवार्य पहचान करने तथा सितंबर माह में परीक्षा आयोजित कराने को कहा। साथ ही अपार आईडी निर्माण की प्रगति 75 प्रतिशत से अधिक करने एवं विद्यालयों में ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।उन्होंने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में अनेक बच्चे मानसिक तनाव एवं अवसाद जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रभावी काउंसलिंग उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि कई बार अभिभावकों की अत्यधिक अपेक्षाएं भी बच्चों पर अनावश्यक दबाव का कारण बनती हैं, इसलिए विद्यालयों में सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण विकसित किया जाना चाहिए।

आयुक्त श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारी को एक-एक शासकीय छात्रावास से संबद्ध किया जाए। संबंधित अधिकारी छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करेंगे तथा वहां की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं का विस्तृत परीक्षण कर अपनी निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

कौशल विकास को स्थानीय आवश्यकताओं से जोड़ने पर बल

आयुक्त श्री शर्मा ने आरसेटी एवं आईटीआई संस्थानों में संचालित कौशल विकास पाठ्यक्रमों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को माइक्रो इरिगेशन सिस्टम की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे प्रशिक्षित तकनीकी मानव संसाधन तैयार हो, रोजगार के अवसर बढ़ें तथा सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों के प्रभावी संचालन एवं रखरखाव को भी मजबूती मिले। आयुक्त श्री शर्मा ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय, नियमित मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्रत्येक योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय समन्वय, संसाधनों का प्रभावी उपयोग तथा सतत अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे और जिले के समग्र एवं सतत विकास को नई गति मिल सके।

## कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है – अजय सिंह

**आष्टा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ÷राहुल भैया÷ आज कांग्रेस के कार्यकर्ता जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए।उन्होंने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।**



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से सत्ता से बाहर है। एक पूरी पीढ़ी ऐसी है जिसने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं देखी, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस का कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जनता के बीच लगातार सक्रिय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर परिस्थिति में पार्टी की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाया है और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का है। अजय सिंह ने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम करने के बजाय जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता गाँव-गाँव और घर-घर तक पहुँचकर कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जनता के बीच पहुँचाए तथा आम लोगों की समस्याओं को पार्टी मंच तक लाए। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और कांग्रेस की सबसे बड़ी पूंजी भी उसके कार्यकर्ता ही हैं। अपने संबोधन के अंत में अजय सिंह ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ जनता के बीच जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और एकता के बल पर कांग्रेस जनता का विश्वास जीतने में सफल होगी। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है, और इसी ताकत के दम पर हम जनता के हितों की लड़ाई जीतेंगे तथा प्रदेश में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार, मीना सिंगी, इदरीस मंसूरी, घनश्याम जांगड़ा, प्रदीप प्रगति, सोहेल मिर्ज़ा, नरेन्द्र कुशवाह, महेन्द्र टीपाखेड़ी, आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नशामुक्ति जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ में ÷नशा है दूरी, है जरूरी 2.0÷ अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जन-जागरूकता हेतु रील्स निर्माण एवं प्रेरणादायक शॉर्ट फिल्मों के प्रदर्शन का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी.एल. वर्मा के नेतृत्व में तथा सदस्य डॉ. आराधना यादव के सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति विषय पर जन-जागरूकता आधारित रील्स तैयार की गईं, जिनमें नशामुक्त जीवन, स्वस्थ समाज तथा युवा शक्ति की सकारात्मक भूमिका का प्रभावी संदेश प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति पर आधारित प्रेरणादायक शॉर्ट फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। फिल्मों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी खरे ने विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने तथा समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही नशामुक्त एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

## जेल में एक रात – और न्याय की उम्मीद

**हैदराबाद की चांचलगुड़ा सेंट्रल जेल ने एक अजीब लेकिन दिलचस्प योजना शुरू की है। आम नागरिक अब 24 घंटे के लिए जेल का अनुभव ले सकते हैं — 2,400 में। आधे दिन के लिए आधा दाम। खबर पढ़कर हँसी भी आती है और सोचने पर मजबूर भी करती है।**

दुनिया में कई पुरानी जेलें अब होटल बन चुकी हैं। ऑक्सफोर्ड, बोस्टन, हेलसिंकी – इन शहरों में जेलों की इमारतें पर्यटन का हिस्सा हैं। अंडमान का सेलुलर जेल, जहाँ 1906 में भारत के राजनीतिक कैदियों को रखा जाता था, आज एक राष्ट्रीय स्मारक है। वहाँ आप जाते हैं तो सलाखों के पीछे खड़े होकर फोटो खिंचवाते लोग दिखते हैं।

लेकिन हैदराबाद की यह योजना एक गहरी बात कहती है – जो नेता और अधिकारी आज आपराधिक मामलों में उलझे हैं और जेल जाने से बचते हैं, अगर वे एक रात भी उन सलाखों के पीछे बिताएँ, तो शायद उनकी सोच बदले।

यह व्यंग्य है, लेकिन इसमें सच्चाई है। न्याय तब तक अधूरा है जब तक शक्तिशाली लोग खुद को कानून से ऊपर समझते हैं। जब एक आम आदमी छोटी चोरी में जेल जाता है और एक बड़ा घोटालेबाज सालों तक जमानत पर बाहर घूमता है – तब लोगों का न्याय पर से भरोसा उठ जाता है।

स्कूली बच्चों के लिए विचार – इतिहास में पढ़ें कि स्वतंत्रता सेनानियों ने किन कठिन हालातों में जेल में समय बिताया। भगत सिंह, नेताजी, गाँधीजी – इन सबने जेल को भी कर्मभूमि बनाया। जेल उनके लिए हार नहीं थी – बल्कि संघर्ष का एक और मोर्चा था।

न्याय का मतलब सिर्फ सज़ा नहीं है – न्याय का मतलब है कि हर इंसान कानून के सामने बराबर हो। यह विचार हमारे संविधान की नींव है। और इस नींव को मज़बूत रखना – हर नागरिक की, हर छात्र की, हर शिक्षक की ज़िम्मेदारी है।

**आनंद मोहन मिश्र, विवेकानंद केंद्र विद्यालय जयरामपुर चांगलांग जनपद अरुणाचल प्रदेश**

## आज के युवा विद्यार्थी हमारे कल के भविष्य है,लक्ष्य को लेकर कड़ा परिश्रम करे और आगे बढ़े-गोपालसिंह इंजीनियर विधायक

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 78वें स्थापना दिवस पर छात्रोत्सव कार्यक्रम का किया आयोजन, मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान,लगाये पौधे







**आष्टा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आष्टा नगर इकाई द्वारा परिषद के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांदीपनि विद्यालय आष्टा में छात्रोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा, संस्कार, राष्ट्रभक्ति एवं व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उनकी प्रतिभा का सम्मान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सहित सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्तिथ आष्टा के विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने छात्रोउत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि युवाओं को सही समय पर सही दिशा,मार्गदर्शन,संस्कार और अवसर प्राप्त हों जाये तो वो राष्ट्र के निर्माण, विकास, सामाजिक समरसता तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। आप सब विद्यार्थी पहले एक लक्ष्य तय करे और फिर उस लक्ष्य को पाने के लिये कठिन परिश्रम करे और तब तक रुके नही जब तक लक्ष्य को नही पा लेते हो । आप सब युवा ही इस राष्ट्र के भविष्य हो । आगे आपको ही इस देश की बागडोर संभालना है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र को नया किया जा रहा है,जो सुविधाए दी जा रही है,संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे है उससे युवाओ,विधायर्थियो को अवगत कराया गया । कार्यक्रम को प्रान्त कार्यकारणी सदस्य रजत सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान,शील और एकता के साथ संगठित युवा ही विकसित,आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं।÷आज का युवा केवल कल का नागरिक नहीं, बल्कि आज का परिवर्तनकर्ता है।÷ कार्यक्रम में सांदीपनी विद्यालय परिवार,अभाविप के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र राजपूत नगर मंत्री दीपक जैन,परिषद के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर छात्रहित एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

## कैलाश विजयवर्गीय ने जीवनदायिनी मां पार्वती की पूजा-अर्चना कर चढ़ाई चुनरी, नवनिर्मित घाट की जमकर की सराहना

**आष्टा।** गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक निजी कार्यक्रम में सहभागिता करने के बाद इंदौर जाते समय आष्टा में रुके।



इस दौरान उन्होंने नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में नगर की जीवनदायिनी मां पार्वती नदी के तट पर पहुंचकर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की और मां पार्वती का आशीर्वाद लिया।

**पूर्ण विधि-विधान से किया पूजन-** वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां पार्वती की पूजन - घाट पर उपस्थित प्राचीन शंकर मंदिर के पुजारी हेमंत गिरी द्वारा पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जीवनदायिनी मां पार्वती का पूजन संपन्न कराया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने श्रद्धापूर्वक मां पार्वती को चुनरी अर्पित की और हाथ में आरती की थाल लेकर मां की आरती उतारी। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की सुख, समृद्धि और जन-कल्याण की कामना की।

नवनिर्मित घाट की सुंदरता की सराहना - पूजन अर्चन के पश्चात नगरीय प्रशासन मंत्री ने पार्वती नदी पर बने नवनिर्मित सुंदर घाट का बारीकी से अवलोकन किया। घाट की भव्यता, स्वच्छता और व्यवस्थित निर्माण कार्य को देखकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने इस सुंदर निर्माण कार्य के लिए नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की जमकर सराहना की और कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से धार्मिक स्थलों की गरिमा और पर्यटन की संभावनाएं बढ़ती हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋतु जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, मंत्री उमेश शर्मा, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका बी, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, पार्षद रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, राजकुमार मालवीय, नरेन्द्र गंगवाल,अक्षत पाठक, आनंद जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय तेजस कार्यशाला का हुआ आयोजन



**राजगढ़।** भारत सरकार के स्टार्टअप इंडिया डीपीआईआईटी एवं एमपी स्टार्टअप सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय ÷तेजस कार्यशाला का आयोजन सांसद श्री रोड़मल नागर के मुख्य आतिथ्य में जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार को होटल संस्कृति में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सांसद श्री नागर द्वारा माँ सरस्वती का पूजन एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सांसद श्री नागर द्वारा उद्बोधन में नवाचार से स्वयं स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया एवं उनके द्वारा कहा गया कि हर व्यक्ति सक्षम होगा, तो राजगढ़ सक्षम होगा और राजगढ़ सक्षम होगा तो प्रदेश सक्षम होगा, जिससे भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। इस कार्यशाला में जिले के स्टार्टअप युवाओं, स्थानीय उद्योगपतियोंतथा भावी उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यशाला में म.प्र. शासन एमपी स्टार्टअप सेंटर भोपाल से पधारे विशेषज्ञ वक्ता श्री मुस्तफा हुसैन ने ÷म.प्र. स्टार्टअप ईकोसिस्टम, स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन एवं डॉक्युमेंटेशन÷ विषय पर प्रतिभागीयों को संबोधित किया। अपने सत्र में श्री हुसैन ने म.प्र. में विकसित हो रहे स्टार्टअप ईकोसिस्टम, राज्य सरकार की स्टार्टअप नीति, स्टार्टअप पंजीयन की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की विस्तार से जानकारी दी।